हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 सितंबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

09 राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का ...

10 धार्मिक आयोजनों से घड़ी चौक को मुक्त रखने...

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
01 सितम्बर 2026
कूपन नं. 14

B.M. COLLEGE
(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध)
•BA •DCA
•B.Com •BCA
•BBA •PGDCA
•B.Ed. (Code-114336)
न्यूनतम फीस (किश्तों में) स्कॉलरशिप सुविधा
गोकुल नगर, पुलगाँव, दुर्ग (छ.ग.)
9098849923, 9340311314
9303893829, 9300850065

डायल-112 बनी घायलों की त्वरित मददगार, तीन लोगों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए एसपी के निर्देशन में पुलिस की डायल-112 टीम लगातार तत्परता से कार्य कर रही है।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र में भखारा रोड पर अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटना में डायल-112 टीम ने मौके पर पहुंचकर तीन घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पहली घटना ग्राम सिर्वे तालाब के पास हुई, जहां स्कूटी से गिरकर एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना डायल-112 को मिली। सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल पहुंची और घायल संतोष ढीमर निवासी तेलीगुड़ा थाना रानीतराई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा पहुंचाया। बताया गया कि स्कूटी चलाते समय अनियंत्रित होने के कारण वह गिरकर घायल हो गए थे। पुलिस टीम ने उनके परिजन देवराम साहू निवासी ग्राम सिर्वे को भी घटना की सूचना दी। इस कार्रवाई में ईआरवी में तैनात आरक्षक फगेंद्र साहू एवं चालक हितेश विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दूसरी घटना सिहाद मोड़ के आगे राइस मिल के पास हुई, जहां दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 पाइथन-1 भखारा की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सुरक्षित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा ले जाकर उपचार के लिए भर्ती कराया।

भखारा रोड पर अलग-अलग हादसों में पुलिस टीम ने घायलों को सीएचसी भखारा में कराया भर्ती

दुर्घटना की सूचना डायल 112 में दें

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दुर्घटना होने पर तत्काल डायल-112 पर सूचना दें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर पुलिस एवं चिकित्सा सहायता मिल सके।

उदंती सीतानदी से शुरू हुआ था एआई आधारित सूचना सिस्टम

गजसंकेत को मिली राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से शुरू गजसंकेत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। नीति आयोग की फ्रंटियर टेक पहल द्वारा गजसंकेत को श्रेष्ठ नवाचार में स्थान दिया गया है। इस सिस्टम को पहले ही राज्य स्तर पर लागू किया जा चुका है। खास बात यह है कि नीति आयोग ने केस स्टडी उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का उल्लेख किया है, जहां पर हाथी-मानव संघर्ष में एक भी व्यक्ति को जान से हाथ धोना नहीं पड़ा है।

मानव-हाथी संघर्ष की चुनौती से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ में गजसंकेत सिस्टम विकसित किया गया है। इस सिस्टम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भू स्थानिक तकनीक (जीआईएस), रियल-टाइम फील्ड इंटेलिजेंस और जनभागीदारी का उपयोग कर जटिल वन्यजीव संरक्षण चुनौतियों का प्रभावी समाधान किया जा रहा है।



हाथियों के आवागमन वाले क्षेत्रों में मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति में समय पर सूचना मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पारंपरिक चेतावनी प्रणालियां मुख्यतः मैनुअल सूचना एवं स्थानीय संचार पर निर्भर थीं, जिससे कई बार प्रभावित गांवों तक समय पर जानकारी पहुंचाना चुनौतीपूर्ण होता था। गजसंकेत ने इस व्यवस्था को तकनीक से जोड़ते हुए एक नई दिशा प्रदान की है। इस प्रणाली में प्रशिक्षित वनकर्मियों द्वारा हाथियों के स्थान, झुंड की गतिविधि एवं व्यवहार संबंधी जानकारी एकत्र की जाती है। इसके बाद जीपीएस, जीआईएस, जियो-फेंसिंग एवं स्वचालित अलर्ट प्रणाली के माध्यम से संभावित हाथी गतिविधि क्षेत्र में आने वाले गांवों की पहचान की जाती है। इसके पश्चात संबंधित ग्रामीणों एवं वन अमले को एसएमएस, वाट्सएप मैसेज एवं वॉयस मैसेज के माध्यम से समय रहते अलर्ट भेजे जाते हैं, जिससे संभावित मानव-हाथी मुठभेड़ से पहले आवश्यक सावधानियां बरती जा सके।

मैदान पर मौजूदगी भी महत्वपूर्ण

गजसंकेत की विशेषता केवल इसकी एआई तकनीक नहीं है, बल्कि तकनीक और जमीनी स्तर की वन्यजीव सुरक्षा व्यवस्था का एकीकरण है। इस मॉडल में फील्ड इंटेलिजेंस, एआई, जीआईएस, जियो-फेंसिंग, रियल-टाइम अलर्ट, पैदल गश्त, जनभागीदारी सभी को शामिल किया गया है। प्रशिक्षित फील्ड स्टाफ एवं हाथी ट्रैकिंग टीमों द्वारा प्राप्त जानकारी को तकनीकी प्रणाली के माध्यम से विश्लेषित कर तत्काल उपयोगी सूचना में बदला जाता है। इसके आधार पर वन अमला और ग्रामीण समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं। जिन क्षेत्रों में मोबाइल या इंटरनेट की सुविधा सीमित है, वहां मुनादी एवं अन्य पारंपरिक संचार माध्यमों से सूचना प्रसारित की जाती है।

मुठभेड़ में कमी से बनी पहचान

नीति आयोग की फ्रंटियर टेक केस स्टडी के अनुसार गजसंकेत से मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं 2022-23 में 445 थी, जो 2024-25 में घटकर 107 रह गई। इसी अवधि में मुआवजा भुगतान भी लगभग 79 लाख रुपये से 19 लाख रुपये तक घट गया। सितंबर 2025 तक पूरे छत्तीसगढ़ में इस प्रणाली द्वारा लगभग 60 लाख अलर्ट जारी किए जा चुके थे। गजसंकेत की एक विशेषता इसकी लागत है। सीमित संसाधनों के बावजूद आधुनिक तकनीक को फील्ड इंटेलिजेंस एवं सामुदायिक भागीदारी से जोड़कर एक ऐसी प्रणाली विकसित की गई, जिसे अन्य वन क्षेत्रों में भी अपनाया जा सकता है।

दर्रा स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी

- अंग्रेजी विषय के शिक्षक का स्थानांतरण रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दर्रा के छात्रों ने स्थानांतरित शिक्षक की वापसी नहीं होने पर स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

सोमवार को दर्रा उमाशा के छात्रगण एवं पालकों ने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि विद्यालय में पदस्थ गजेंद्र सिंह राजपूत अंग्रेजी के शिक्षक हैं और विगत 15 साल से पदस्थ हैं। उनके द्वारा छात्रों को अंग्रेजी विषय की उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। हाल ही में उनका स्थानांतरण शाउमाशा कुंडेल किया गया है। इससे स्कूल में अंग्रेजी विषय के शिक्षक का पद रिक्त हो गया है।

छात्रों ने कहा है कि तिमाही परीक्षा नजदीक है। उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। इसकी सूचना पूर्व में 28 अगस्त को दी जा चुकी है। उनकी मांग है कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षक गजेंद्रसिंह राजपूत का स्थानांतरण रोकने एवं पुनः पदस्थ करने की मांग की है।

तीन दिन में निराकरण नहीं होने पर धरना

ज्ञापन में चेतावनी दी है कि उनकी मांग पर तीन दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर छात्र-छात्राएं एवं पालकगण स्कूल में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शिक्षा विभाग एवं शासन-प्रशासन की होगी।

खबर संक्षेप

क्रिकेट ट्रायल्स अब 5, 6 और 13 को

धमतरी। धमतरी जिला क्रिकेट संघ द्वारा बारिश को देखते हुए क्रिकेट टीमों के प्रस्तावित ट्रायल्स कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। सकुश गुप्ता सहसचिव जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि अंडर-19 क्रिकेट टीम का ट्रायल्स अब 5 सितंबर को सुबह 10 बजे पीजी कॉलेज धमतरी के क्रिकेट स्टेडियम में होगा। अंडर-19 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2008 निर्धारित है। अंडर-14 एवं अंडर-16 टीम का ट्रायल्स 6 सितंबर को सुबह 10 बजे होगा। अंडर-14 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2012 तथा अंडर-16 के लिए 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 निर्धारित है। अंडर-23 एवं सीनियर टीम का ट्रायल्स 13 सितंबर को सुबह 10 बजे होगा। अंडर-23 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2004 से 31 अगस्त 2008 है, जबकि सीनियर वर्ग में 35 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल्स के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ है।

एकता विकास संकल्प समिति के अध्यक्ष बने सिंदूर

धमतरी। जालमपुर वार्ड में एकता विकास संकल्प समिति की बैठक हुई। इस दौरान समिति के विकास कार्यों और नशामुक्त समाज पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से आरआर सिंदूर को नया अध्यक्ष चुना गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, जालमपुर क्षेत्र के विकास और सामाजिक हित के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करने के लिए वे दृढ़ संल्पित हैं। मौके पर एमआर साहू, संजय डागौर पूर्व पार्षद, संजय देवांगन पार्षद, विष्णु सिन्हा, खिलेश्वर साहू, यशवन्त पटेल सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

भखारा में 6 को गुरु बालकदास जयंती

धमतरी। बलिदानी राजा गुरु बालकदास जयंती आयोजन समिति भखारा के तत्वावधान में 6 सितंबर को गुरु बालकदास जयंती, राज्यस्तरीय पंथी कलाकार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण नगर पंचायत भखारा में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस दौरान गुरु बालकदास के जीवन, संघर्ष, शौर्य और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी जायेगी। शोभायात्रा निकाली जायेगी। प्रदेशभर के पंथी कलाकारों का मिलन, सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। कार्यक्रम की तैयारी में कोमल संभाकर, विनोद डिंडोलकर, पविंद्र बघेल, राहुल टंडन, खेमन सोनवानी, हिमांशु बंजारे, कमलेश चंदेल सहित अनेक युवा जुटे हुए हैं।

कार व बाइक में जोरदार भिड़ंत, तीन घायल

- नेशनल हाईवे में पुरी मोड़ के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे में रविवार की रात्रि कार व बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घयल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ेली निवासी धनेश्वर ध्रुव, मखेन्द्र ध्रुव ध्रुव व सीताराम ध्रुव रविवार को मोटरसाइकिल से घूमने के लिए गंगरेल की तरफ आए थे। रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए तीनों मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस कुरूद की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान कुरूद की तरफ से एक कार आ रही थी तभी ग्राम पुरी मोड़ के आगे पेट्रोल पंप के पास कार व मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। दो घायलों को संजीवनी 108 व वरदान परमार्थ सेवा समिति के खिलावन साहू द्वारा एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं एक घायल को निजी अस्पताल की एंबुलेंस अपने साथ ले गई। कुछ देर बाद उक्त निजी एंबुलेंस दो घायलों को भी जिला अस्पताल से अपने अस्पताल ले गई। इस घटना में दो युवक का पैर फ्रेक्चर हो गया है। वहीं तीसरा घायल है।

गंगरेल का रेडियल नहीं, पेन स्टाक गेट खुला

- 95 फीसदी जलभराव, 10667 क्यूसेक पानी की आवक
- 1500 क्यूसेक पानी बिजली उत्पादन वाले पेन स्टाक गेट से छोड़ा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने की मात्रा में जरा सी वृद्धि हुई है। यह पानी रेडियल गेट (मुख्य गेट) से नहीं पेन स्टाक से (बिजली उत्पादन वाले गेट) छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में गंगरेल बांध में जितनी पानी की आवक हो रही है, उतने में प्रतिघंटा एक सेंटीमीटर पानी बढ़ रहा है। लगातार इतना ही पानी की आवक बनी रही तो भी बांध को 100 प्रतिशत जलभराव में 36 घंटे का समय लगेगा।

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम 7 बजे 348.70 मीटर लेवल वाले गंगरेल बांध में 348.28 मीटर जलभराव दर्ज किया गया है। पानी की आवक 10667 क्यूबिक फीट प्रति सेकेंड की आवक हो रही है और 94.82 फीसदी जलभराव है। पेन स्टाक के माध्यम से 1100 क्यूसेक पानी तथा भिलाई नहर को 400 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है।

विभागीय जानकारी के अनुसार बांध में प्रति घंटा एक सेंटीमीटर का लेवल बढ़ रहा है। कैचमेंट एरिया में बारिश होने तथा आवक बढ़ने पर गंगरेल बांध का मुख्य गेट कभी भी खोला जा सकता है अन्यथा जितनी मात्रा में पानी की आवक हो रही है, उससे बांध को शत-प्रतिशत भरने में 36 घंटे का समय लगेगा।

चाकूबाजी व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

- शराब पीने के लिए पैसा नहीं मिलने पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक पर चाकू से हमला व मारपीट करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अभिषेक बंजारे 28 अगस्त को मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जालमपुर मिडिल स्कूल के पास कृष भारती ने उसका रास्ता रोककर शरब पीने के लिए पैसा मांगा। युवक ने पैसा देने से मना कर दिया। पैसा नहीं मिलने से आक्रोशित कृष ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार चाकू से अभिषेक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इसी दौरान भाई से मारपीट करता देख अभिषेक की बहन शारदा टेकाम बीच-बचाव करने पहुंची। आरोपी ने उसके साथ भी धक्का मुक्की एवं मारपीट की।

पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी कृष भारती पिता शक्ति भारती उम्र 20 वर्ष महंत घासीदास वार्ड जालमपुर निवासी के खिलाफ धारा 119, 296, 118/1, 351/2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त स्टील का धारदार चाकू पुलिस के समक्ष पेश किया। पुलिस ने चाकू को जब्त कर प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 28 जोड़ आरोपी कृष भारती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

7 सितंबर को परसवानी बस स्टैंड चौक में होगा आंदोलन, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघर्ष संघ करेगा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम परसवानी चौक में चक्काजाम करेगा। संघ ने सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम सूचना ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम को सौंपा।

किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के अध्यक्ष रामायण सिन्हा, खड़मा सरपंच नंद कुमार ने बताया कि संघ अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर पिछले कई वर्षों से संघर्षरत है जिसकी जानकारी लगातार शासन-नप्रशासन को अवगत करा रहे हैं लेकिन अब तक मात्र आश्वासन ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब सवा साल पहले 15 जून को समस्याओं के निराकरण को लेकर कुरूद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था जिसके संबंध में 16 जून 2025 को कलेक्टोरेट में जिला प्रशासन ने समन्वय बैठक रखी गई थी। उस दौरान आश्वासन दिया गया था। पिछले माह शासन-प्रशासन को पुनः अपनी मांगों से अवगत कराया गया है लेकिन समस्याएं जस की तस है।

संघ ने ज्ञापन में कहा है कि शासन-प्रशासन द्वारा समस्या का समाधान नहीं निकालने के कारण संघ को चक्काजाम करने का निर्णय लेना पड़ा है। उनकी समस्याओं का गंभीरतापूर्वक समाधान नहीं किया गया तो 7 सितंबर सोमवार को बस स्टैण्ड चौक ग्राम परसवानी विकासखंड मगरलोड में दोपहर 12 बजे से चक्काजाम किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अध्यक्ष रामायण सिन्हा, मोतीराम, भोजराज साहू, कांशीराम, शंकरलाल साहू, राजकुमार साहू, गणेश्वर राम कंवर, भगवानी, गणेशराम, बिसन, नंदूराम आदि उपस्थित थे।

संघ की सात सूत्रीय मांग

ग्राम पंचायत पठार से सोनारिन देहान पहुंच मार्ग पर पथरीं पुलिया निर्माण की स्वीकृति, प्रधानमंत्री फसल बीमा से वंचित सभी गांव को योजना का लाभ, मोहेरा धान उपार्जन केन्द्र को प्राथमिक सहकारी समिति का दर्जा, ग्राम सिंगपुर में जिला सहकारी बैंक की स्थापना, बेन्द्राचुआ से सरईरूख सिंगपुर मार्ग नवीनीकरण तथा डामरीकरण की स्वीकृति, मोहंदी से दुगली पहुंच मार्ग का डामरीकरण, पठार मुख्य मार्ग से मड़वापथरा-मोहेरा पहुंच मार्ग नवीनीकरण तथा डामरीकरण कराने की मांगें शामिल हैं।

सांकरा नाले में मिला युवक का शव

मिर्गी का दौरा पड़ने से युवक की मौत का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

जिले के सिहावा थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। सिहावा थाना अंतर्गत सांकरा से खम्हरिया की ओर जाने वाले नाले में एक व्यक्ति का शव बहते हुए मिला है। नहर में शव को बहते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने नहर में शव को देखा और तत्काल इसकी सूचना सिहावा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिहावा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकलवाया। फिलहाल मृतक की शिनाख्ति रायसिंह ध्रुव पिता सूबेलाल ध्रुव उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी कोडमूडपारा सांकरा के रूप में की गई। युवक को मिर्गी का दौर आता था। युवक सुबह अपने खेत की ओर जा रहा। अंदेशा लगाया जा रहा है कि मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण नाले में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

खबर संक्षेप

गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर चोरभट्टी में हुआ पौधारोपण

■ श्मशान घाट को बनाया गया शांतिवन

कोर्रा(भखारा)। तुलसीदास जयंती पर ग्राम चोरभट्टी में ग्रामीणों ने पौधरोपण अभियान चलाया। पंच, सरपंच, सियान, युवा और बच्चों ने मां शीतला के स्थान सहित गांव के विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाए। इस दौरान श्मशान घाट को हरित एवं शांत वातावरण देने के उद्देश्य से शांतिवन के रूप में विकसित किया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार से आए ऋषिपुत्र संतों ने भी सहभागिता की। संतों ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल करने केलिए प्रेरित किया। इस दौरान आंवला, बरगद, पीपल, जामुन, नीम और आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। मौके पर उत्तम दास, हिरामन, अश्वनी, श्रवण, नरसिंह, सरपंच शोभाराम, कलीराम, मालती, रूपेश, द्रौपदी, लोम साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम भुरसीडोंगरी में जिलास्तरीय ऋषि पंचमी कार्यक्रम आयोजित हुआ

वनौषधि ज्ञान हमारी अमूल्य धरोहर : मरकाम

■ ऋषि पंचमी की परंपरा संस्कृति और प्रकृति को जोड़ती है : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम भुरसीडोंगरी में रविवार को माता शीतला प्रांगण में जिलास्तरीय ऋषि पंचमी टोली सम्मेलन आयोजित किया गया। जड़ी-बूटियों के संरक्षण, आयुर्वेदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन में विभिन्न ग्रामों की ऋषि पंचमी टोलियां पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्रों और जंगलों से एकत्र औषधीय पौधों के साथ शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुई। टोलियों द्वारा लाए गए औषधीय पौधों को देवी-देवताओं को समर्पित किया गया तथा उनके पारंपरिक उपयोग एवं औषधीय महत्व की जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल प्राकृतिक संपदा के साथ-साथ सदियों पुराने पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के भी भंडार हैं। जंगलों में पाए जाने वाले अनेक औषधीय पौधों का उपयोग हमारे पूर्वज पीढ़ियों से करते आए हैं। इस ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ औषधीय पौधों का संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। उन्होंने वनौषधियों के अंधाधुंध दोहन के बजाय उनके पुनरोपण और संरक्षण पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि ऋषि पंचमी की परंपरा हमारी संस्कृति, प्रकृति और लोक ज्ञान को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। ग्रामीण क्षेत्र में पीढ़ियों से संरक्षित वनौषधियों के ज्ञान को सामने लाने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है।

ऋषि पंचमी परिवार के जिला अध्यक्ष मेघूराम नेताम ने माच, दशमूल, चितावर, केउ कांदा, गुरु कांदा, सतावर और झगरइन सहित विभिन्न वनौषधियों की जानकारी दी। सम्मेलन में प्रत्येक टोली से कम से कम दो औषधीय पौधे जड़-पत्ती सहित लाने का आग्रह किया गया था। इन पौधों का संबंधित टोलियों के नाम से भुरसीडोंगरी में रोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरसिंह पटेल, सेवानिवृत्त मेडिकल ऑफिसर डॉ. एसके नाग, भाजपा मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, जिला उपाध्यक्ष साधु नेताम, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, घुरऊ नागेश, ऋषि पंचमी परिवार के पदाधिकारी सहित विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधि, वैद्यराज, ग्रामीणउपस्थित थे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सेवा गीतों की प्रस्तुति ने लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।

संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीडीह में 29 अगस्त को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य आरके साहू ने कहा कि संस्कृत साहित्य के प्रति छात्रों में अभिरुचि उत्पन्न करना है। संस्कृत कार्यक्रम के प्रभारी महेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा है। शिक्षक मानिक ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ और मंत्र संस्कृत भाषा में वर्णित है। निषाद सर और गौर मैडम ने भारत की भाषाओं के काल एवं उनके इतिहास के बारे में वर्णन किया। कक्षा नवमी की छात्रा अनीता और निशा ने सरस्वती वंदना, अंजु ने संस्कृत भाषा में संस्कृत भाषा के महत्व को बताया। त्रिवेणी और साक्षी ने संस्कृत गीत सुनाया। हर्ष और टिकेश्वर ने सुभाषित श्लोक वाचन किया।

कार्यक्रम में उषा निर्मलकर, जेके टंडन, एलएल निषाद, यूबी पाल, डीके मानिक, आरएस दीवान, शैलजा औचारे, बीआर साहू, वायआर साहू, एआर कंवर, अनिता गौर, लिखेश निषाद आदि उपस्थित थे।

अछोटी में राउत नाचा के साथ कलश वंदन यात्रा का स्वागत

■ ग्राम पंचायत अछोटी ने ग्रीन आर्मी, मितानिन, रावतों का शॉल, श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

विधायक कुरूद अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में भाजपा सिर्री मंडल द्वारा समरसता संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर कलश वंदन यात्रा निकाली गई। संत रविदास महाराज की जन्म भूमि सीर गोवर्धनपुर वाराणसी की भूमि से मिट्टीयुक्त कलश कुरुद स्थित बैद्यनाथ बाबा मंदिर पहुंची। वहां से कलश लेकर ग्राम अछोटी के लिए प्रस्थान किया। ग्राम मरौद, कोड़ेबोड़, आलेखुंटा में कलश वंदन यात्रा का स्वागत किया गया। अछोटी पहुंचते ही राउत नाचा व बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। राउत भाइयों ने पारंपरिक वेशभूषा में झूमते नाचते स्वागत किया। इस दौरान ग्राम पंचायत अछोटी द्वारा40 महिला कमांडो, 10 महिला पंच, 7 ग्रीन आर्मी, 4 मितानिन व यादव समुदाय, कोड़ापार के सरपंच सहित 105 लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका कुरूद, पुष्पेंद्र साहू सिर्री मंडल प्रभारी, डॉ. लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष, जीवन साहू कलश यात्रा प्रभारी, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, गौकरण निर्मलकर भाजयुमो अध्यक्ष, पूरन लाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, नारायण साहू उपाध्यक्ष सिर्री मंडल, अनुराग साहू जनपद सदस्य, रमेश भतपहरी जिला महामंत्री, डॉ दुलरू साहू जिला मंत्री, गुलशन साहू सरपंच प्रतिनिधि दरबा, भीम साहू सरपंच कोड़ापार, चूड़ामणि साहू कार्यालय प्रभारी, तुकाराम यादव ओबीसी महामंत्री, शोभाराम पटेल सिर्री, रामचंद साहू प्रवीण भार्गव मरौद, टकेश साहू मुरा, राजकुमार साहू, जोहतूराम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

संत रविदास व गुरु घासीदास ने समाज में समरसता लाया

मंडल अध्यक्ष डॉ लोकेश साहू ने संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिए। थानेश्वर तारक ने मन चंगा तो कठौती में गंगा पर आधारित जीवंत कहानी को बताया। पुष्पेंद्र साहू मंडल प्रभारी ने कहा कि मुगलों के शासनकाल में भेदभाव, छुआछूत चरम सीमा पर था। संत रविदास व गुरु घासीदास ने समाज में समरसता का भाव लाया। गौकरण साहू ने कहा कि यदि आपकी सोच पवित्र है तो कठौती में रखा हुआ पानी भी गंगा है।

मोदी समरसता को जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं

विशेष वक्ता भानु चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविदास के भाव को जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। उनके प्रयास से आज उनकी जन्म स्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी की पवित्र भूमि से कलश यात्रा आज अछोटी तक पहुंची है। मोदी जी समरसता का भाव लाना चाहते हैं। भेदभाव को दूर करना चाहते हैं। मंच संचालन थानेश्वर तारक व आभार प्रदर्शन पूरण लाल घृतलहरे ने किया।

जिपं सभापति ने दिव्यांग बच्चों और मरीजों को फल एवं बिस्किट बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव ने अपने जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। उन्होंने देउरपारा स्थित बालाजी दिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचकर दिव्यांग बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया।

इस दौरान श्री ध्रुव ने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात कर उनके साथ समय बिताया तथा पढ़ाई-लिखाई सहित उनकी दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मरीजों एवं उनके परिजनों ने भी अजय के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा कराया एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया।

इस अवसर पर नगरी मंडल अध्यक्ष राजेशनाथ गोसाईं, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, गोपी कश्यप, शुभम यदु, जनपद पंचायत नगरी सभापति संजय सारथी, दानवीर मरकाम, गोलू मंडावी, वरुण देव नेताम, भोज सोनवानी, लोकेश कृष्ण, कुंजाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री ध्रुव ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना और उनके साथ खुशियां बांटना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है।

सरसोंपुरी के आंगनबाड़ी में गणवेश का वितरण

धमतरी। ग्राम सरसोंपुरी में उपसरपंच खेमलाल साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवधर यादव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं पंच चूड़ामणि यादव द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को निःशुल्क शाला गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक मानदास साहू, माहरसिंग, बलीराम यादव, नेमसिंग ध्रुव, राजू यादव, चम्मन यादव, बृजलाल साहू, ललीता यादव, रीना साहू, मोहनी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगा साहू एवं सहायिका मिथलेश साहू उपस्थित थी।

खर्रा में हुआ श्रीरामचरित मानस का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

श्रीराम हिंदू परिवार खर्रा के तत्वावधान में श्रीराम चौक ग्राम पंचायत खर्रा में इस वर्ष भी श्री रामचरित मानस का पाठ श्रावण मास में किया गया। इससे गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस आयोजन में मुन्नालाल साहू, घसियाराम तारक, गोपीचंद साहू, जावेद साहू, जालमसिंग साहू, देवेन्द्र साहू, अमित साहू, कोमल तारक, टेमन साहू, खोमू ध्रुवंशी, तुलेश साहू, नीतू साहू, चैतराम साहू का सहयोग रहा।

साइबर अपराध, नशामुक्ति और यातायात जागरूकता पर दिया संदेश

■ सुखराम नागे महाविद्यालय में पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में पुलिस प्रशासन द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल व्याख्यान श्रृंखला, यातायात जागरूकता, नशामुक्ति एवं साइबर अपराध में सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता तामेश्वर नेताम थाना प्रभारी नगरी थे। इस अवसर पर तानसिंह साहू एएसआई, योगेश साहू कांस्टेबल, आरती ध्रुव कांस्टेबल, खुशबू यादव कांस्टेबल उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण, एकता एवं अखंडता में अमूल्य योगदान को बताया। उन्होंने छात्रें को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता तामेश्वर नेताम ने फेक अकाउंट, आनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में जानकारी दी। छात्रें को साइबर अपराधों की शिकायत कैसे दर्ज कराएं, इस बारे में भी मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को जागरूक बनाकर ही समाज में अपराधों को कम किया जा सकता है। थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को नैतिकता की महत्वपूर्ण सीख दी। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों का पालन करके ही सुसभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने कहा कि जब हम राष्ट्रीय एकता की बात करते हैं तो भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण स्वाभाविक रूप से होता है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन एवं प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर प्रो.आरआर मेहरा, जयराम कुर्रे, मोहित कुमार, डॉ.दीपा देवांगन, लोकेश्वरी राठिया, कौशल नायक, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, उर्वशी साहू, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डेय, सीता नेताम, डिलेश्वरी पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित

2 सितंबर को मनेगा कमरछठ का पर्व

कोर्रा(भखारा)। संतान की दीर्घायु, मंगल कामना और संतान प्राप्ति के लिए रखा जाने वाला कमरछठ का व्रत 2 सितंबर को मनाया जायेगा।

पंडित सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य के अनुसार संतानवती महिलाएं संतान की दीर्घायु और मंगल कामना के लिए कमरछठ का व्रत रखती हैं। संतानहीन दंपति भी संतान प्राप्ति के लिए कमरछठ का व्रत रखती है। अलग-अलग क्षेत्र में इसे अलग-अलग नाम जैसे हलषष्ठी, हलछठ, चंदनछठ और छत्तीसगढ़ में कमर छठ के नाम से जाना जाता है। इस व्रत में हल चले हुए खेतों का अन्न नहीं खाया जाता। पारण में पसहर चावल का उपयोग किया जाता है। महिलाएं एक जगह इकट्ठा होकर कमर छठ की पूजा करती हैं।

जनहित के कार्यों को पूरा करना हमारी पहली जिम्मेदारी : छाबड़ा

वार्ड क्रमांक 15 में साढ़े चार लाख से बनेगा सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित शिवशंकर रामायण मंडली के पास सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। यह भवन 4 लाख 50 हजार की लागत से बनेगा।

पिछले गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर शिव शंकर रामायण मंडली के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ाख उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं वार्ड पार्षद हरीश साहू को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा था। त्वरित पहल करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद द्वारा अधोसंरचना मद से राशि स्वीकृत कर वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया।

सामुदायिक भवन निर्माण की सौगात मिलने पर शिवशंकर रामायण मंडली के अध्यक्ष दिनेश साहू, उद्धवलाल साहू, भोला साहू एवं चंद्रहास साहू सहित सदस्यों ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ,एल्डरमैन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना एवं वार्डवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। वार्डवासियों द्वारा पूर्व में टिन शेड की मांग की गई थी, जिसे तत्काल पूरा किया गया और अब सामुदायिक भवन की मांग भी पूरी हो गई है। इस सामुदायिक भवन का उपयोग वार्डवासी अपने सुख-दुख, शादी-विवाह, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए कर सकेंगे। मौके पर वार्ड पार्षद हरीश साहू, अश्वनी निषाद, शंकर देव, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, एल्डरमैन दुर्गा प्रजापति सहित शिवशंकर रामायण मंडली के सदस्य एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

सारेगामा की विजेता बनीं कोण्डागांव की चैतन्या

कांकेर। कृषि उपज मंडी कांकेर में 30 अगस्त को सरस्वती कला मंच के तत्वावधान और सुंदर काण्ड ग्रुप के मार्गदर्शन में गीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। फाइनल राउंड में 28 प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कोंडागांव की चैतन्या यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7001 रुपए का पुरस्कार जीता। खुशी साहू ने द्वितीय और दल्लीराजहरा के दीपक सोना ने तृतीय स्थान हासिल किया। 13 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

सड़क दुर्घटना की जांच के बाद मामला दर्ज

कांकेर। थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र के जलिनकसा में 13 जुलाई को हुए सड़क हादसे में घायल 42 वर्षीय परमेश्वर उयके की मौत हो गई। मर्ग जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीए 9515 के चालक शिवचरण उईके ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए परमेश्वर उयके की मोटरसाइकिल सीजी 04 डीपी 3935 को सामने से टक्कर मार दी थी। मर्ग जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक शिवचरण के खिलाफ धारा 281 एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हल्द्वानी शुद्धिकरण को कांग्रेस ने बताया दलितों का अपमान

राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आमसभा के बाद कार्यक्रम स्थल का कथित तौर पर शुद्धिकरण किए जाने और इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ आवाज उठाने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने मुजगहन चौक पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। धरना- प्रदर्शन को संबोधित करते हुए स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में एक बड़ी रैली हुई थी। इसके दो दिन बाद कुछ असामाजिक व जातिवादी संगठनों द्वारा रामलीला मैदान का गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि श्री खड़गे दलित समुदाय से आते हैं, इसलिए दुर्भावनावश और उनकी जाति को निशाना बनाने के लिए इस घृणित कार्य को अंजाम दिया गया है।

इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, शारदा साहू, गौतम वाधवानी, दीपक सोनकर, नरेंद्र सोनवानी, मनोज साक्षी, विशु, अविनाश मारोठे, आशुतोष खरे, होमेश्वर साहू, उदित साहू, ऋषभ ठाकुर, प्रवीण साहू, श्रीकांत तिवारी, योगेश्वर साहू, पंकज साहू, वातांजलि गोस्वामी, यशवंत गंगबेर, नवीन गजेंद्र, मोहन ध्रुव, भागवत साहू, तिलक सिन्हा, अजय सिन्हा, पारस साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सच की आवाज को दबाया नहीं जा सकता : ओंकार

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि जब देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घिनौने कृत्य को अनुसूचित जाति, जनजाति एक्ट के तहत अपराध बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, तो उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने वास्तविक अपराधियों को बचाने के लिए उल्टा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर ही विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। सच की आवाज को एफआईआर के दम पर दबाया नहीं जा सकता। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज की गई झूठी एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

समाज की एकता, विकास और उत्थान का लिया संकल्प

सर्व गाड़ा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज की प्रदेशस्तरीय सामाजिक परिचर्चा एवं बैठक हुई। इस अवसर पर नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के साथ नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रदेश मुख्य संरक्षक रोशन बघेल, संरक्षक प्रहलाद गंधर्व, ललित पोया एवं किस्मतलाल नंद, प्रदेश मुख्य संयोजक अजय चौहान, संयोजक सुंदरदास कुलदीप, गोविंद चौहान एवं रामकुमार कश्यप बनाए गए।

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुलदीप, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष देवशरण नाग, प्रदेश सचिव अशोक कुमार चौहान, प्रदेश कोषाध्यक्ष हिच्छाराम देवदास, प्रदेश सलाहकार श्रीराम सागर एवं विधित कपिल चालकी, संगठन वरिष्ठ प्रभारी खेमराज बघेल, प्रदेश ऑडिटर वरिष्ठ दिलीप सोनवानी तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलेश्वर चौहान, भोजराज सोनवानी एवं महेंद्र गंधर्व बनाए गए। प्रदेश संस्कृति सचिव सुनील दर्रो एवं सियाराम पोटाई, प्रदेश प्रवक्ता जमुना प्रसाद चौहान, प्रदेश युवा अध्यक्ष अर्जित कुलदीप एवं प्रदेश सचिव वीरेंद्र बघेल नियुक्त किए गए। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संरक्षक श्रीमती लक्ष्मी नाग, प्रदेश अध्यक्ष गोदावरी कसमत एवं प्रदेश सचिव भुवनेश्वरी भास्कर को जिम्मेदारी सौंपी गई।

एकता से ही समाज की मजबूती

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुलदीप ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता और संगठन है। समाज के सभी लोगों को आपसी मतभेद से ऊपर उठकर सामाजिक हित में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पद ग्रहण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

सावन महोत्सव में धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों ने बांधा समां

- कांवर यात्रा और भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सावन महोत्सव 2026 के अवसर पर बोल बम सेवा समिति कुरूद द्वारा बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर में 16 से 27 अगस्त तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की।

महोत्सव के तहत धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, कांवर यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। पूरे महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कांवर यात्रा में भी बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। महोत्सव के अंतिम दिन बोल बम सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने सावन महोत्सव के सफल आयोजन के लिए नगरवासियों, श्रद्धालुओं, समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मोहंदी वन परिक्षेत्र अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड ब्लॉक के उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र मोहंदी के रेंजर के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ द्वारा विदाई समारोह रखा गया। रेंजर पंचराम साहू 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए। पंचराम साहू की 1985 में वन रक्षक पद पर नियुक्ति सुकमा वनमण्डल के गोलापल्ली रेंज में हुई। इसके बाद जगरगुंडा रेंज, महासमुंद वनमंडल, धमतरी वनमंडल के बिरगुड़ी रेंज में सेवा दी। वर्ष 2012 में वनपाल पद पर उनकी पदोन्नति हुई। इस दौरान धमतरी वनमंडल के बिरगुड़ी उत्पादन, सिंगपुर रेंज में पदस्थ रहे। वर्ष 2017 में उपवन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति हुई। इस दौरान वे धमतरी वनमंडल अंतर्गत जिला लघु वनोपज संघ धमतरी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी नगरी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मोंगरागहन, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर सिंगपुर, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन सिंगपुर, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन बिरगुड़ी में पदस्थ रहे।

वर्ष 2023 में वन क्षेत्रपाल पद पर पदोन्नति हुई। इस दौरान धमतरी वन मंडल के परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी उत्पादन, परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन सिंगपुर तथा परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र मोहंदी में पदस्थ रहते सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य रोहित यादव, डॉ हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, पुरुषोत्तम सिन्हा, नवपदस्थ रेंजर आकांक्षा बोरकर, डिप्टीरेंजर डीएस साहू, प्रेमलाल लहरे, मुकुंदराव वाहने, वनरक्षक गौतम निषाद, रोहित तिवारी, मनोज गायकवाड़, हरीश दुबे, पारसनाथ श्रीमाली, कुलेश्वर कंवर,लोकेश सिन्हा, सोहनलाल साहू, मुकेश निषाद, टेमन सिन्हा, यशवंत निषाद, तुलेश साहू उपस्थित थे।

बनियापारा में 15 लाख से नई पाइपलाइन विस्तार कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 40 साल पुरानी पाइपलाइन बदलेगी, को-ऑपरेटिव बैंक के सामने वाली गली से शिव चौक तक बिछेगी नई पाइपलाइन

महापौर रामू रोहरा ने बनियापारा में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से होने वाले पाइपलाइन विस्तार एवं नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस कार्य के तहत को-ऑपरेटिव बैंक के सामने वाली गली से शिव चौक तक लगभग 250 मीटर लंबी 40 वर्ष पुरानी पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी।लंबे समय से पुरानी पाइपलाइन के कारण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर आ रही परेशानियों को देखते हुए यह कार्य स्वीकृत किया गया है।

महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए और इसे तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। वार्ड पार्षद पिंटू यादव ने महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई पाइपलाइन की स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ होने से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, पार्षद चंद्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल, नम्रता माला पवार, अज्जू देशलहरे, राकेश चंदवानी,एल्डरमेन भागवत यादव, जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

महिला संगठन ने मनाया तीज मिलन समारोह

धमतरी। अछोटा मंडल देवांगन समाज की महिला संगठन द्वारा ग्राम भटगांव में तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोनिका देवांगन सभापति जिपं ने अहाता निर्माण हेतु 3 लाख एवं विशिष्ट अतिथि जयंती ध्रुव जनपद सदस्य ने हनुमान मंदिर निर्माण हेतु 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में महिला एवं बच्चों के लिए मटका फोड़, फुग्गा फुलाओ, बिन्दी लगाओ, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई। मंडल अध्यक्ष मणिराम देवांगन ने प्रति वर्ष यह आयोजन करने की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन सचिव अछोटा मंडल देवांगन समाज जीवराखन देवांगन ने किया।

मन की बात के 137वें एपिसोड पर सहकारी समिति चर्रा परिसर में किया पौधरोपण

- अतिथियों, सदस्यों और ग्रामीणों ने पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कुरूद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 137वें एपिसोड पर राज्य अलंकृत कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चर्रा के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति परिसर में अतिथियों, सदस्यों और ग्रामीणों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा थे। अध्यक्षता अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने की। विशिष्ट अतिथि कृपाराम यादव और कुरूद शाखा प्रबंधक टिकेन्द्र बैस थे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने के साथ हुई। समिति के सदस्यों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इसके बाद अतिथियों ने अपने संबोधन में मन की बात के संदेशों और सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से गांवों के विकास को गति देने के साथ समाज में सहयोग और समृद्धि की भावना मजबूत की जा सकती है। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने पर जोर दिया। इस दौरान समिति परिसर में पौधरोपण किया गया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष डीहूराम साहू, उत्तम बैस, समिति प्रबंधक सुरेश बैस सहित अन्य उपस्थित थे।

समंस

(न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)

न्यायालय श्रीमान रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

नमन साहू वादमित्र / ना.बा.वली
दादी हेमिन बाई ....वादी

बनाम

आम जनता वगैरह .... प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र. 180अ/ 2026, प्रो.क्र.- 1514/2026
पेशी दिनांक 08/09/2026

प्रति,
आम जनता

चूंकि वादी ने आप प्रतिवादी आम जनता के विरूद्ध ग्राम भेण्डसर, प.ह.न. 24 तहसील भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) में स्थित ख.न. 28, 73, 119, 180, 247, 361, 448, रकबा क्रमशः 0.78, 0.37, 0.35, 0.11, 0.18, 0.10, 0.20 कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 2.09 हे. ना.बा. नमन साहू पिता तुलाराम साहू अ.पा. दादाजी केदारनाथ साहू पिता अमरू साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। नमन साहू के दादाजी केदारनाथ साहू का स्वर्गवास दिनांक 03/12/2025 को हो गया है। दादाजी की मृत्यु होने पश्चात ना.बा. नमन साहू पिता तुलाराम को कृषि संबंधित कार्य खाद, बीज, ऋण, इत्यादि लेने एवं कृषि भूमि से उपार्जित फसल को बेचने एवं राशि आहरण में असुविधा हो रही है। नाबालिग नमन साहू के पिता तुलाराम आदतन शराबी एवं लापरवाह व्यक्ति है, तथा नमन की माता डामिन की मृत्यु दिनांक 17/11/2017 को हो चुकी है, जिस कारण ना.बा. नमन साहू पिता तुलाराम साहू की अज्ञान पालक वली/संरक्षक दादी हेमिन बाई पति स्व. केदारनाथ साहू है, की घोषणा बाबत वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08/09/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील द्वारा उपस्थित हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें। यह भी निर्देश दिया जा रहा है कि, पेशी दिनांक के दिन उन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में है, पेश करें जिन पर प्रतिरक्षा का दावा किया जाना है।

अतः आप प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई एवं उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

रजत कुमार निराला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति परीक्षा में 147 बच्चों ने लिया भाग

धमतरी। निषाद सहारा परिवार छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 30 अगस्त को छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर में रखा गया था। 9, 10,11 व 12 वीं के कुल 147 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। देवपुर पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद ने बताया कि यह परीक्षा छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के 9 से 12 वीं तक के छात्रों के लिए आयोजित थी। छात्रवृत्ति परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाना और उन्हें आधुनिक ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली से अवगत कराना था। पाली उपाध्यक्ष लखन निषाद, महिला उपाध्यक्ष निक्की निषाद, मनराखन निषाद, संतोष चंदन, डॉ विष्णु निषाद, देवशरण निषाद, रामकृष्ण निषाद ने छात्रों को शिक्षा, संस्कार, करियर के बारे में बताया। इस आयोजन में जिला निषाद समाज के कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, उपसंगठन सचिव मनराखन निषाद, संचालक संतोष चंदन, परदेशी निषाद सचिव, लोकेश निषाद, संतोष निषाद कोषाध्यक्ष, होरीलाल निषाद शिक्षक, बेदराम निषाद, मीना निषाद का सहयोग रहा।

सलोनी में हुआ मानस गान सम्मेलन

धमतरी। ग्राम सलोनी में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर एक दिवसीय मानसगान सम्मेलन हुआ, जिसमें अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस अवसर रोमी चंदन ध्रुव सरपंच, देवेंद्र साहू उपसरपंच, सियाराम साहू, इंद्रेश मेश्राम, माखन साहू, सेवमराम साहू, दानीराम नागेश, टिकेश्वर साहू, खेमलाल साहू, कली सिन्हा, हृदयराम साहू, शत्रुहन निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन राममिलन साहू भंवरमरा ने किया।

जहर सेवन से युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। सरोना थानांतर्गत पुड़पार दखनी निवासी 25 वर्षीय लोकेंद्र सिंह मंडावी पिता प्रवीण सिंह ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने 29 अगस्त को जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बावजूद उसकी जान नही बच पाई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

घड़ी चौक के परेशान व्यापारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

धार्मिक आयोजनों से घड़ी चौक को मुक्त रखने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी त्योहारों के मद्देनजर घड़ी चौक व्यापारी संघ ने घड़ी चौक से बालक चौक के बीच होने वाले धार्मिक आयोजनों को अन्य स्थानों पर आयोजित कराने की मांग की है। व्यापारी संघ ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दही हांडी, गणेश विसर्जन झांकी, नवरात्र एवं दशहरा सहित अन्य आयोजनों के लिए घड़ी चौक क्षेत्र में अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत ने बताया कि घड़ी चौक धमतरी शहर के मुख्य बाजार में प्रवेश का प्रमुख मार्ग होने के साथ ही अत्यंत सघन व्यापारिक क्षेत्र है। यहां सुबह से देर रात तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में धार्मिक आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के जुटने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

व्यापारियों का कहना है कि आयोजन के दौरान अत्यधिक भीड़ होने से व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। संघ ने कहा कि शहर में धार्मिक आयोजनों के लिए कई ऐसे स्थान उपलब्ध हैं, जहां पर्याप्त जगह और पार्किंग की सुविधा के साथ कार्यक्रम अधिक व्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जा सकते हैं। इनमें गांधी चौक, पुरानी कृषि उपज मंडी, बिलाईमाता मंदिर के पास गौशाला मैदान, सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी वार्ड, बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम एवं एकलव्य परिसर सहित अन्य स्थान शामिल हैं। व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन से नागरिक हित और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए घड़ी चौक के पीछे स्थित व्यापारिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की अनुमति नहीं देने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी तथा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को भी सौंपी गई है।

इस अवसर पर घड़ी चौक व्यापारी संघ के संरक्षक आसुदामल जसूजा, लद्धाराम राजपूत, अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, उपाध्यक्ष अखलख हाशमी, सचिव राजेश पंजवानी, सहसचिव मनीष जेठवानी, कोषाध्यक्ष देवानंद भोजवानी, प्रमुख सलाहकार गोवर्धनदास पिंजानी, प्रताप पंजवानी, गोवर्धन दादलानी, नोतनदास ज्ञानचंदानी एवं संजय लुंकड़ मौजूद थे।

अंबेडकर चौक से रुद्री तक बनेगी फोरलेन सड़क, रुद्री-गंगरेल मार्ग का चौड़ीकरण

81.43 करोड़ की स्वीकृति से धमतरी में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

- 18 .50 किमी सड़क निर्माण के लिए वित्त विभाग ने दी प्रशासकीय स्वीकृति पर सहमति
- महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी के विकास को मिली एक और बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी में विकास की कड़ियां लगातार जुड़ती जा रही हैं। सिहावा रोड और रत्नाबांधा रोड के फोरलेन की स्वीकृति के बाद अब वर्षों पुरानी मांग अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन तथा रुद्री से गंगरेल मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल गई है। धमतरी विधानसभा क्षेत्र में धमतरी-गंगरेल-कुकरेल मार्ग लंबाई 18.50 किलोमीटर के निर्माण कार्य के लिए 81.43 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति पर वित्त विभाग ने सहमति प्रदान की है।

महापौर रामू रोहरा ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से धमतरी शहर और आसपास के क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

विकास की गति आगे भी जारी रहेगी : रामू

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धमतरी के विकास के लिए लगातार सहयोग प्रदान कर रही है। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों के सहयोग से धमतरी को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास जारी रहेगा। धमतरी में विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी। शहरवासियों की वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

महापौर ने कहा कि अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए इसका चौड़ीकरण बेहद जरूरी था। इसी तरह रुद्री से गंगरेल मार्ग का चौड़ीकरण होने से गंगरेल आने-जाने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

व्याख्याता डॉ. नायक को मिला आचार्य शिरोमणि सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह नगरी में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत एवं शिक्षाश्री सम्मान से अलंकृत व्याख्याता डॉ आशीष नायक को रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में शकुंतला फाउंडेशन छग रायपुर द्वारा आचार्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश कुमार, पूर्व सचिव शिक्षा आयोग एनके अग्रवाल, अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स सतीश थौरानी एवं संस्थापक शकुंतला फाउंडेशन स्मिता सिंह के हाथों व्याख्याता डॉ आशीष नायक को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों, जनसेवा एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर अभयराम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भेमुराम साहू, प्रदीप पोटाई समेत अनेक शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

पीएम का आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल पर फोकस

धमतरी। ब्राम्हणपारा वार्ड में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गई। इस संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के इतिहास, चोल वंश, कलिंगा वंश , रेहड़ी पटरी में व्यापार करने वाली मातृशक्तियों की स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आत्मनिर्भर, फ्लॉवर फोरमिंग एवं भारतीय बजार को बढ़ावा देने वोकल फोर लोकल पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रभारी नील पटेल, महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी डोल प्रतिमा सोनी, मंडल कार्यालय मंत्री खिलेश कुम्भकार, बूथ अध्यक्ष अमित साहू, मुरली दुबे, यादवेन्द्र दीवान, गीता सोनी, जयंती सोनी, स्नेहा सोनी, ऋतु सोनी, अक्षय सोनी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

तेज बारिश में भी बरसा तीज का उल्लास, नारी शक्ति ने दिखाई प्रतिभा

- झरिया महार-महरा समाज ने मनाया तीज मिलन एवं नारी सशक्तिकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ झरिया महार-महरा समाज (पंजीकृत शाखा) महिला संगठन के तत्वावधान में देवांगन भवन पाटन में तीज मिलन एवं नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सावन एवं श्रृंगार थीम पर आयोजित इस समारोह में तेज बारिश और विपरीत मौसम के बावजूद प्रदेशभर से पहुंची समाज की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव श्री नारायण देव, भगवान शिव-पार्वती के पूजन एवं मां परमेश्वरी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सामूहिक रक्षाबंधन से हुई। बहनों ने सामाजिक भाइयों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधा।

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। फुगड़ी में प्रथम जयश्री कामड़े, द्वितीय कीर्ति सोनवानी एवं तृतीय पुष्पा कामड़े रहीं। गोली-चम्मच में प्रथम रानू कामड़े, द्वितीय यशवंतीन एवं तृतीय रेखा तथा सुई-धागा प्रतियोगिता में प्रथम नोमेश्वरी, द्वितीय करुणा कामड़े एवं तृतीय पुष्पा अंगारे रहीं।

मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी एवं नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सबल, सक्षम, सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज को नई दिशा दे सकती हैं।

कार्यक्रम का संचालन ज्योत्सना एवं रत्ना पावरिया ने किया। इस आयोजन में श्रीमती संध्या सोनवानी प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती मंजुलता अंगारे महिला संगठन अध्यक्ष, श्रीमती दीप्ति मेश्राम उपाध्यक्ष सहित महिला संगठन, श्रीदेव जी युवा मंच एवं नारायणी युवती मंच का विशेष सहयोग रहा। प्रांताध्यक्ष अशोक मेश्राम एवं केंद्रीय कार्यकारिणी के सहयोग से आयोजित समारोह में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही।

युक्ता एवं अनीता तीज क्वीन बनीं

तीज क्वीन प्रतियोगिता में युक्ता अंगारे एवं अनीता मेश्राम को तीज क्वीन घोषित किया गया। सामूहिक सुआ नृत्य में जमराव परगना की बहनों ने शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं ने सावन के झूले का भी आनंद लिया।

पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लिया आनंद

समारोह में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक भी देखने को मिली। महिलाओं ने ठेठरी, खुरमी, अइरसा और चौसेला जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा तीज-मिलन एवं नारी सशक्तिकरण पत्रिका का विमोचन किया गया। समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष खिलावन चोपड़िया द्वारा लिखित पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

लक्ष्मण पहलवान का पार्षदों ने किया सम्मान

धमतरी। मेजर ध्यानचंद की जन्मजयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर धमतरी शहर को कुश्ती के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले पहलवान लक्ष्मण साहू को शहीद विनोद चौबे राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री तोषण साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। राजेंद्र शर्मा, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी, खाद्य विभाग के अध्यक्ष पिंटू यादव, सामान्य प्रशासन एवं विधि विभाग की अध्यक्ष हिमानी साहू, पार्षद कुलेश सोनी और योगेश केसरिया ने उनका सम्मान किया।

खेल प्रतिभाओं को मिलेगी नई प्रेरणा

विजय मोटवानी ने कहा कि पुरस्कार व्यक्ति को आगे बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भविष्य में शहर की खेल गतिविधियों को निश्चित रूप से बढ़ावा मिलेगा। पिंटू यादव ने कहा कि शहर के गौरवशाली खेल इतिहास में यह उपलब्धि एक और अध्याय जोड़ेगी। कुलेश सोनी ने कहा कि प्राचीन विधा कुश्ती नई पीढ़ी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा और नई पहचान देगी। हिमानी साहू ने कहा कि शहर ने जो पहचान दी है, उसके लिए परिवार सदैव समर्पित रहेगा और पिता के सम्मान से सभी सदस्य अभिभूत हैं। भावुक लक्ष्मण साहू ने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह सम्मान धमतरी और क्षेत्र की उन सभी खेल प्रतिभाओं को समर्पित है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।